राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अम्बेडकर नगर की भवन एवं कार्य समिति (BWC) कि दिनांक 06.02.2019 को 12:00 बजे (मध्यान) संस्थान कमेटी कक्ष में सम्पन्न हुई प्रथम बैठक का कार्यवृत्त :–

बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

| | |
|---|---|
| 1. डा0 अखिलेश कुमार मिश्र<br>निदेशक,<br>रा0 इं0 का0, अम्बेडकर नगर | अध्यक्ष |
| 2. श्री शशिपाल बौद्ध<br>(चीफ इंजीनियर द्वारा नामित)<br>अधिशासी अभियन्ता,<br>अम्बेडकर नगर | सदस्य |
| 3. श्री प्रशांत कुमार यादव<br>(परियोजना प्रबन्धक द्वारा नामित)<br>सहायक अभियन्ता,<br>यू0पी0आर0एन0एस0एस0, फैजाबाद | सदस्य |
| 4. प्रो0 एन0 के0 सक्सेना<br>सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>के0 एन0 आई0 टी0, सुल्तानपुर | सदस्य |
| 5. श्री रामफल<br>परियोजना प्रबन्धक,<br>राजकीय नि0 निगम, अम्बेडकर नगर | सदस्य |
| 6. श्री बी0 के0 वर्मा,<br>(परियोजना प्रबन्धक द्वारा नामित)<br>सहायक अभियन्ता,<br>आवास एवं विकास परिषद, प्रतापगढ़ | सदस्य |
| 7. प्रो0 विशाल सिंह चन्देल,<br>कार्यवाहक कुलसचिव,<br>रा0 इं0 का0, अम्बेडकरनगर | सदस्य |
| 8. डा0 सूर्यप्रकाश सिंह,<br>विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | विशेषआमंत्रित |
| 9. श्री आयुष मित्तल,<br>विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम सदस्य सचिव भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपस्थित सदस्यो का बैठक में भाग लेने हेतु स्वागत किया गया तदउपरान्त अध्यक्ष भवन एवं कार्य समिति/निदेशक की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई :–

1. सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया है कि शैक्षणिक भवन, प्रशासनिक भवन, कार्यशाला, पुस्तकालय, अरूणिमा सिन्हा बालिका छात्रावास, लोहिया छात्रावास, अटल छात्रावास गांधी छात्रावास एवं अम्बेडकर छात्रावास का निर्माण कार्यपूर्ण हो चुका है।
2. समिति को बताया गया है कि 150 शैय्या छात्रावास (डा0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं कालेज को हैण्डओवर कर दिया गया है।
3. समिति को अवगत कराया गया कि जिमनेजियम का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है एवं जल्द ही हैण्डओवर हो जायेगा।

Ayush
2/3/19

4. समिति को बताया गया है कि टाइप–5 डायरेक्टर आवास एवं टाइप–3 फैकल्टी आवास ब्लॉक–1(2 नं0) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं टाइप–3 फैकल्टी आवास ब्लॉक–2(4 नं0) का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।
5. समिति को अवगत कराया गया है कि बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीवाल कोर्ट एवं 2 बैडमिन्टन कोर्ट का निमार्ण कार्य पूर्ण हो चुका है।
6. समिति को बताया गया है कि प्रशासनिक भवन एवं इलेक्ट्रिकल इं0 विभाग के बाह्य क्षेत्र में टिनसेड का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।
7. समिति को अवगत कराया गया कि इनवायरमेंटल इंजीनियरिंग लैब एवं रसायन विज्ञान लैब में आर0 सी0 सी0स्लैब, जी0 आई0 पाइप और ग्रेनाइट स्टोन लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।
8. समिति को अवगत कराया गया है कि प्रशासनिक भवन एवं कार्यशाला के बाह्य क्षेत्र में पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।
9. समिति को बताया गया है कि लोहिया छात्रावास, गांधी छात्रावास एवं अम्बेडकर छात्रावास के बाह्य क्षेत्र में 4 सीट इण्डयेन टायलेट एवं गार्ड रूम का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुकाहै।
10. समिति को अवगत कराया गया कि राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराये जा रहे 100 शैय्या छात्रवास (पं0 दीनदयाल उपाध्याय) का कार्य प्रगति पर है।
11. समिति को बताया गया है किसी-वेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट पिछले एक वर्ष से अधिक समय से कार्य नही कर रहा है जिस पर समिति द्वारा नराजगी व्यक्त की गई एवं परियोजना प्रबन्धक, राजकीय निर्माण निगम द्वारा यह अश्वासन दिया गया की शीघ्रातिशीघ्र समस्त व्याप्त कमियों को दुरूस्त कर लिया जायेगा।
12. समिति को अवगत कराया गया है कि अटल छात्रावास के निकट स्थित नलकूप से छात्रावास में जल आपूर्ति में समस्या आ रही है जिस पर समिति द्वारा नराजगी व्यक्त की गई एवं परियोजना प्रबन्धक, राजकीय निर्माण निगम द्वारा यह अश्वासन दिया गया की शीघ्रातिशीघ्र समस्त व्याप्त कमियों को दुरूस्त कर लिया जायेगा।
13. समिति को अवगत कराया गया है कि वर्तमान में कालेज के पास 7.954 हेक्टेयर भूमि है जो कि कालेज में अन्य निर्माण कार्य जैसे अतिथि भवन, शिक्षक आवास, क्रीड़ास्थल, मल्टीपर्पज हाल एवं कैफेटेरिया के लिए पर्याप्त नही है जिसको मद्देनजर रखते हुए कालेज प्रशासन ने 12.38 हेक्टेयर भूमि खरीदने का प्रस्ताव किया है जिस पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई है।
14. प्रशासकीय परिषद के निर्देशानुसार समिति को बताया गया है कि वर्तमान में अतिथि, विश्वविद्यालय अधिकारियों, विशेषज्ञयों के ठहराव के लिए कोई अतिथिगृह उपलब्ध नही है जिसको मद्देनजर रखते हुए यू0पी0 आवास विकास परिषद द्वारा प्रारंभिक आकलन करते हुए रू0 334.46 लाख (18 कमरों) के व्यय का प्रस्ताव किया गया है जिस पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई है।
15. प्रशासकीय परिषद के निर्देशानुसार समिति को अवगत कराया गया है कि दिसम्बर 2017 में 33 स्थायी शिक्षको की नियुक्ति विश्वविद्यालय द्वारा की गई है, जिनके निवास के लिए वर्तमान में कालेज परिसर में टाइप–3 (6 नं0) आवास का निर्माण कार्य प्रगति पर है जो कि नाकाफी है जिसको मद्देनजर रखते हुए कालेज प्रशासन ने टाइप–4 (24 नं0) फैकल्टी आवास के निर्माण का प्रस्ताव दिया गया है जिस पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई है।
16. प्रशासकीय परिषद के निर्देशानुसार समिति को बताया गया है कि 415 KWp क्षमता का सोलर रूफ टॉप पावर प्लान्ट लगाने का प्रस्ताव HFM सोलर पॉवर प्र0 लि0 द्वारा प्रस्तुत किया गया है जिसके क्रियान्वन से बिजली बिल में 50 प्रतिशत की कमी सम्भावित है जिसको मद्देनजर रखते हुए समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई है।
17. प्रशासकीय परिषद के निर्देशानुसार समिति को अवगत कराया गया है कि मौजूदा एवं नवनिर्मित भवनों जैसे हॉस्टल, शिक्षक आवास आदि के लिए चौबीस (24) सिक्योरिटी पर्सनल, दस

Ayush
2/3/19

(10) सफाईकर्मी, दस (10) केयरटेकर/क्लर्क और पांच (5) माली की भर्ती के लिए समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई है।

18. अन्य बिन्दु न होने के कारण अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

Ayush 02/03/19
श्री आयुष मित्तल
विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग/सदस्य सचिव

AKMishra 02/03/19
डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्र
निदेशक/अध्यक्ष

# राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज अम्बेडकर नगर (उ0प्र0) 224122

पत्रांक संख्याः 12 /रा0इ0का0/2018–19 दिनांकः 02/03/19

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

1. डा0 अखिलेश कुमार मिश्र, निदेशक, रा0इं0का0, अम्बेडकरनगर।
2. श्री शशिपाल बौद्ध (चीफ इंजीनियर द्वारा नामित) अधिशासी अभियन्ता, अम्बेडकरनगर।
3. श्री प्रशांत कुमार यादव (परियोजना प्रबन्धक द्वारा नामित) सहायक अभियन्ता, यू0पी0आर0 एन0एस0, फैजाबाद।
4. प्रो0 एन0 के0 सक्सेना, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर।
5. श्री रामफल, परियोजना प्रबन्धक, राजकीय निर्माण निगम, अम्बेडकरनगर।
6. श्री बी0 के0 वर्मा, (परियोजना प्रबन्धक द्वारा नामित) सहायक अभियन्ता, आवास एंव विकास परिषद, प्रतापगढ।
7. प्रो0 विशाल सिंह चन्देल, कार्यवाहक कुलसचिव, रा0इं0का0, अम्बेडकरनगर।
8. डा0 सूर्यप्रकाश सिंह, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, रा0इं0का0, अम्बेडकरनगर।

Ayush 2/3/19
श्री आयुष मित्तल
विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग/सदस्य सचिव